उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम... पृष्ठ 2 | भगवान की श्वांस और भक्तों... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

बुधवार, 11 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 59, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


## शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हम सबक़े लिए प्रेरणादायक - मुख्यमंत्री

### सोनाखान में खुलेगा पोस्ट मेट्रिक छात्रावास, 23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में लगेंगे सोलर हाई मास्ट लाईट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 10 दिसम्बर मंगलवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय सोनाखान स्थित शहीद स्मारक में शहीद वीर नारायण सिंह क़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजो को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोनाखान में पोस्ट मेट्रिक छात्रावास खोलने,सोनाखान मड़ई मेला क़े लिए 15 लाख देने,23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में हाई मास्ट लाईट लगाने,सोनाखान क़े 3 तालाबों का अमृत सरोवार में उन्नयन तथा शहीद वीर नारायण क़े वंशज जो पेंशन क़े लिए वंचित हैं उन सभी सदस्यों को भी पेंशन देने क़ी घोषणा क़ी। इसके साथ ही 10 हितग्राहियों को पीएम आवास ग्रामीण की चॉबी सौंपा। हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड का वितरण,पीएम जनमन आदर्श पंचायत बल्दाकछार एवं औवराई का सम्मान, आदिवासी समाज के युवा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की शहीद वीर नारायण सिंह क़े जन्म एवं कर्मभूमि में मुख्यमंत्री क़े तौर पर पहली बार आया हूं। यह पवित्र भूमि गरीबों क़े लिए बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान क़े लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिए जो हम सब क़े लिए प्रेरणादायक है। जिस समय सोनाखान क्षेत्र में आकाल



पड़ा तो भूख से तड़पते लोगों क़ी दशा देखकर द्रवित हो गए और गोदाम से अनाज निकाल कर बाँट दिए। उन्होंने अंग्रेजो क़े विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंक़ा दिए। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर क़े जय स्तम्भ चौक में फांसी दे दी गई। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए है जिन्हे उचित सम्मान नहीं मिल पाया था लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति विभूतियों को सम्मान देने क़ा काम कर रहे है। प्रधानमंत्री ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने क़ी घोषणा क़ी है। विशेष पिछडी जनजाति समुदाय क़े लोगों क़े विकास क़े लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू किया गया है। पीएम ग्राम उत्कर्ष योजना क़े तहत प्रदेश क़े 6 हजार गाँवो को लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में 9 करोड़ क़ी लागत से शहीद वीर नारायण संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हमारी सरकार ने एक साल में मोदी क़ी गारंटी क़े तहत अधिकांश वायदे पूरा कर दी है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार क़े खिलाफअंग्रेजो से लड़ाई लड़ी। उनका बलिदान इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज क़े विकास और सम्मान क़े लिए काम कर रहे हैं। अब जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। आज देश क़ा प्रथम नागरिक आदिवासी समाज क़ी बेटी है तथा प्रदेश का मुखिया भी आदिवासी किसान का बेटा है।कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले सोनाखान बहुत पिछड़ा क्षेत्र था। हमारी सरकार आने क़े बाद यहाँ तेजी से विकास शुरू हुआ। सभी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।आज एक आदिवासी किसान का बेटा प्रदेश का कमान संभाल रहे है और विकास क़ी गंगा बहा रहे हैं। इस अवसर पर जिले क़े प्रभारी मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी,शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर जल्द ही खदेड़ा जाएगा - उपमुख्यमंत्री शर्मा

### गृहमंत्री ने राजनांदगांव में भी घुसपैठियों की पहचान करने प्रशासन को कहा है

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजनांदगांव दौरे पर कहा कि राज्य में 850 से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें भगाया गया है और जो बच गए है और कुछ जेल में बंद है उनको भी जल्द ही कान पकड़कर बाहर का रास्ता



दिखाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि मुझे तो जानकारी है कि राजनांदगांव में भी ऐसे लोग है जो बिना परमिशन रह रहे है,जिला प्रशासन उनको भी कान पकड़कर बाहर का रास्ता दिखाए । छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा राजनांदगाँव दौरे पर आए और मीडिया से बात की और कहा कि 500 से अधिक ऐसे अवैध अप्रवासी कवर्धा जिले में रह रहे थे जिन्हें भगाया गया है ।श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर संभाग के तहत कोंडागांव में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने उन्हें निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। श्री शर्मा ने संकेत दिया कि प्रशासन राजनांदगांव सहित कुछ अन्य जिलों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ के इनपुट पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनकी पहचान कर उनके भी कान पकड़कर उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखाएगी ।

## वार्ड नं. 7 में शीतला मंदिर के पास सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमि पूजन

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** नगर विकास की कडी में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा आज महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 के स्टेशन पारा रोड में शीतला मंदिर के पास 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 10.00 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी तथा पूर्व पार्षद श्रीमती माया शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री आसीफ अली सहित वार्डवासी की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रीतराम साहू, जसपाल ढल्ला, गोपाल सिन्हा, ऋषि रजक, भगत यादव, शेख अनीस, हेमराज साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।



कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान, तालाब सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन अंतर्गत स्वीकृत राशि से शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 7 में शीतला मंदिर के पास सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। इसी प्रकार अन्य विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराये जायेगें। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर रहे पटवारी, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़ (नादगांव टाइम्स)।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आवाहन पर डोंगरगढ़ तहसील के पटवारियों ने आज अपने प्रदेश उपाध्यक्ष भीषम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में काली ड्रेस पहनकर ऑनलाइन कार्यों का विरोध दर्ज कराया तथा तहसीलदार सतपाल यादव को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। श्री भीषम ठाकुर ने बताया कि हम अबकी बार शासन से आवश्यक संसाधन की मांग कर रहे हैं तथा मांग पूरा नहीं होने तक काले कपड़े पहनकर ही काम करेंगे । यदि 15 दिसंबर तक मांगे पूरी नहीं हुई तो उसके बाद सभी पटवारी अपने ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग के साथ-साथ सभी व्हाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार भी करेंगे। राजस्व पटवारी संघ की एक आवश्यक बैठक 7 दिसंबर को हनुमान मंदिर मठपुरैना रायपुर में रखी गई थी जिसमें प्रदेश के सभी पटवारियों के प्रतिनिधियों ने जिसमें जिलाध्यक्ष व प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित सदस्य भी शामिल हुए थे। जिलाध्यक्ष व प्रांतीय कार्यकारिणी ने ऑनलाइन कार्यों में



### काली पट्टी के स्थान पर काला ड्रेस पहनकर किया प्रदर्शन

आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक मे यह निर्णय लिया और 9 दिसंबर से सभी पटवारी काला ड्रेस पहनकर अपनी मांगों के प्रति ध्यानाकर्षण कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि राजस्व पटवारी संघ की पुरानी सभी मांगे यथावत बनी हुई है उनसे भी शासन को अवगत कराते रहेंगे जैसे वेतन भत्ते नियमित पदोन्नति व अन्य भत्तों के संबंध में वे लगातार शासन को अवगत कराते रहेंगे। श्री ठाकुर के साथ ज्ञापन सौंपने वालों में आज तेजिंदर कौर भाटिया तहसील अध्यक्ष अनिल वर्मा व भोलेश्वर साहू साथ थे। ज्ञातव्य है कि अभी विभाजित डोंगरगढ़ तहसील में 35 पटवारी कार्यरत हैं और पूरे प्रदेश में 10000 से अधिक पटवारी कार्य कर रहे हैं जो संसाधन के बगैर नए आदेशों का पालन करने बाध्य है।

**क्या है समस्या .........** वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके अलावा कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप या फिर कम्प्यूटर के माध्यम से किया जाता है। लेकिन पटवारियों को किसी भी प्रकार के संसाधन अथवा संसाधन भत्ता उपलब्ध नहीं कराया गया है। मजबूरी में पटवारी निजी अथवा किराए पर लिए गए संसाधन के जरिए कार्यों को संपादित कर रहे हैं। संघ ने शासन से समस्या का जल्द निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर पटवारी 16 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## प्लास्टिक रि-सायकलिंग फैक्ट्री के लिये एनओसी दिए जाने को लेकर दो लोगों के मध्य विवाद

**मामला - ग्राम कल्याणपुर का**

**डोंगरगढ़ (नादगांव टाइम्स)।** प्रार्थी दिलीप कुमार वर्मा निवासी ग्राम कल्याणपुर ने पुलिस को बताया कि, दिनांक 08 दिसंबर को वह अपने भतीजा कौशल कुमार वर्मा के साथ मोटर सायकल से खैरागढ़ से वापस अपने घर कल्याणपुर आ रहा था तभी कल्याणपुर यात्री प्रतिक्षालय के पास गोपाल यादव बैठा था।

मुझे आते देखकर गोपाल यादव ने सुधांशु बक्शी को प्लास्टिक रि-सायकलिंग फैक्ट्री के लिये क्यों एनओसी दिए हो कहकर मुझे मां-बहन की गंदी-गंदी गाली दिया और पीछे से आकर मेरा गला पकड़ लिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। तब मेरा भतीजा कौशल वर्मा बीच-बचाव किया, तो उसे भी हाथ मुक्के से मारपीट किया है। मारपीट करने से चोंट लगी है। पूर्व में महिना भर पहले एनओसी के संबंध लड़ाई झगड़ा किया गया था तथा मुझसे मनमुटाव भी रखता था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 14 से 20 दिसम्बर तक

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में स्वास्थ्य शिविर जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 14 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 दिसम्बर को छुरिया, 16 दिसम्बर को डोंगरगांव, 17 दिसम्बर को डोंगरगढ़ एवं 20 दिसम्बर को घुमका में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की पहल से राजनांदगाँव विधानसभा को मिली करोड़ों की सौगात

### राजनांदगांव में 8 करोड़ 60 लाख रुपये की विकास कार्यों को मंजूरी, क्षेत्र के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का जताया आभार

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह जी के अथक प्रयासों से राजनांदगाँव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों/वार्डों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में



भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन के इस निर्णय पर राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि च्च्इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। इसके साथ ही राजनांदगांव के नागरिकों ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त किया और उनकी विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

## राष्ट्रपति के हाथों सरपंच होगी सम्मानित

**डोंगरगढ़ (नादगांव टाइम्स)।** जिला राजनांदगांव जनपद पंचायत के तहत आने वाले ग्राम पंचायत देवकट्टा को चाइल्ड फ्रेंक्रली पंचायत का सम्मान के लिए चिन्हाकित किया गया है। जानकारी के अनुसार देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के हाथों आगामी 11 दिसंबर 2024 को ग्राम पंचायत देवकट्टा की सरपंच श्रीमती हेमंत पुरन वर्मा को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान



राष्ट्रपति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित फ्किया जाएगा। राष्ट्रपति के हाथों सरपंच का सम्मान होने की खबर फैलती ही ग्राम में क्षेत्र में खुशी की लहर देखी जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ आलोक कुमार सातपुते ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत देवकट्टा मे बच्चों को जो सुविधा मिलनी चाहिए वह सुविधा पूरी गुणवत्ता के साथ उनको दी जा रही है, जिसके चलते पंचायत को चाइल्ड फ्रेंक्रली सम्मान के लिए चयनित किया गया है। महामहिम राष्ट्रपति के हाथों सरपंच का सम्मान होने से निश्चित तौर पर अन्य दूसरे संरपचों को बेहतर काम करने का संदेश मिलेगा।

## झंडा साहेब लालबाग में? आज गीता जयंती पर श्रीमद भगवतगीता प्रवचन कार्यक्रम आयोजित, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### कथावाचिका साध्वी मीता ठक्कर के मुख से बहेगी गीता ज्ञान की अजस्रधारा

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** शहर के लालबाग क्षेत्र में ?स्थित पवित्र झंडा साहेब मंदिर में आज 11 दिसंबर बुधवार गीता जयंती के पावन अवसर व मोक्षदा एकादशी के दिन श्रीमदभगवद गीता पर प्रवचन/ उद्बोधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संत कंवर राम सेवा समिति-झंडा साहेब लालबाग गली नं0 ?3 में धूमधाम से आयोजित गीता जयंती पर उद्बोधन कर्ता साध्वी श्रीमती मीता ठक्कर जी होंगी। गायत्री परिवार की श्रीमती ठक्कर ने बताया कि योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान अपने




श्रीमुख से उद्गारित गीता वाणी में स्पष्ट रुप से कहा है कि छंदों में में ?गायत्री छंद हूं। इस तरह देखा जाय तो भगवान श्री ?कृष्ण गायत्री मंत्र में स्वयं विराजमान हैं। इस तरह के गूढ़ बातें व गीता वाणी के रहस्यों को सारगर्भित ढंग से उद्बोधित करने वाली साध्वी श्रीमती ठक्कर को सुनने के लिए सिंधी समाज के लोगों ?सहित? सत्य सनातन धर्म के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी। गीता जयंती पर यह प्रबोधन कार्यक्रम आज बुधवार 11 दिसंबर की रात 8 बजे से आयोजित है। इसके पूर्व लालबाग में सायं 4 बजे गीता जयंती की धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के पृथ्वीराज पटियानी ने बताया कि आज शाम 4 बजे झंडा साहेब लालबाग से गीता जयंती पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा व श्रीमद? गीता उद्बोधन के अवसर पर समाज के गुरुमुख सिंह वाधवानी, मंशाराम मोटवानी, सागर ललवानी ,कमलेश वाधवानी, विजय पटियानी महेश? मोटलानी आदि सहित सिन्धी समाज के बड़ी ?संख्या में नर - नारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया की इस अवसर पर महाप्रसादी भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। समिति द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा व गीता उद्बोधन? कार्यक्रम में लोगों ?अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम बड़गांव चारभाठा के अमृत सरोवर में सियान सदन का किया लोकार्पण

## बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का किया अवलोकन, ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से तालाब के पानी को निस्तारी उपयोग योग्य बनाने के संबंध में दी गई विस्तार से जानकारी







**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)**। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बडग़ांव चारभाठा के अमृत सरोवर में सियान सदन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गांव के तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाने के लिए ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु 2 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर के किनारे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का अवलोकन किया और वाटर रिचार्ज के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गांव के तालाब में निस्तारी उपयोग के लिए घरेलू उपयोग पानी को ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से निस्तारी योग्य बनाने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में 4 सियान सदन अमृत सरोवर के



साथ बनाए गए है। जिसमें बुजुर्गों के बैठने और बच्चों को खेलने के लिए झूले भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 187 स्थानों में असफल बोर से रिचार्ज के लिए बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर बनाया जा रहा है। जिसमें से 120 स्थानों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे वाटर रि३चार्ज होगा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाया जाएगा। ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जलाशयों के प्रदूषण से रोका जाएगा। जल पुनर्भरण एवं ग्रे वाटर के सुरक्षित निपटान के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संचय के लिए बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर बहुत उपयोगी संरचना है। इस दौरान सरपंच श्री वासुदेव भण्डारी, श्री रविन्द्र वैष्णव, श्री निरेन्द्र साहू, श्री रामकुमार गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## ग्राम राजकट्टा में प्रभा साहू ने किया शीतला मंदिर जीर्णोद्धार का भूमि पूजन

**डोंगरगढ़ (नादगांव टाइम्स)**। समीप ग्राम पंचायत कुरूभाट के आश्रित ग्राम राजकट्टा में जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू जी ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर ग्राम शीतला सामुदायिक भवन



जीर्णोद्धार निर्माण हेतु जिला पंचायत विकास योजना के तहत राशि 2 लाख स्वीकृति प्रदान किया और तालाब पचरीकरण हेतु 2लाख रु जिसका आज समस्त पंचोंएवं ग्रामवासी के साथ मिलकर भूमि पूजन किया गया जिसमें सरपंच प्रीति बाला तामेश्वर साहू, दिलीप मंडावी ,पुरुषोत्तम यादव, राजेश मंडावी ,पवन मंडावी उत्तम साहू, रमेश पटौती, अनिल कोर्राम बालीत राम नेताम चेतन छेदैया ,विमला बाई मंडावी ,कोदिया बाई यादव ,पूर्णिमा नेताम रामा वर्मा ,आशा सेन अनिल कोराम ग्राम प्रमुख पवन मंडावी ग्राम पटेल एवं सभी पंचगणों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थित रही।

## बिजली बिल बकाया वसूली हेतु लाईन विच्छेदन का विशेष अभियान

**डोंगरगांव (नादगांव टाइम्स)**। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत पुनः विद्युत बिल बकायादारो के खिलाफ विशेष अभियान दिसम्बर माह में चलाया जा रहा है, जिसमें प्रथम सप्ताह 01.12.2024 से 09.12.2024 तक इस संभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंताओं मुख्यालयों में विशेष अभियान चलाते हुए 249 उपभोक्ताओं के विरूद्ध 8.69 लाख रू0 वसूल किये गये एवं 68 नं. उपभोक्ताओं, जिसकी बकाया राशि 1.77 लाख रू0 था, उनकी लाईन काटी गयी है। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत प्रकरण के अंतर्गत बकाया राशि वाले 10 उपभोक्ताओं से 73.00 हजार वसूली किया गया। इसी परिपेक्ष्य में उपभोक्ताओं से अपील है कि, विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि का भुगतान समय-सीमा मे करे, तथा निष्क्रिय उपभोक्ताओं से अपील है कि, अपना बकाया राशि का भुगतान संबधित वितरण केन्द्र में शीघ्र ही करे, जिससें कि, नेशलत लोक अदालत में प्रकरण प्रेषित तथा किसी भी प्रकार से कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके। एवं उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि, वैध कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करे, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना व कानूनी अपराध से बचा जा सके। विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि के विरूद्ध यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा।

## जोरातराई मंडई 15 दिसंबर को

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)**। प्रतवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम जोरातराई (बोरी) में अग्घन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 15 दिसंबर 2024 दिन रविवार को मंडई एव रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग दुर्ग वाले का कार्यक्रम रखा गया है। उपसरपंच टाकेश सिन्हा ने आसपास के ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# मिनाक्षी यादव व जय कुमार गजभीये को सेवा निवृति पर भावभीनी बिदाई

08

**डोंगरगांव (नादगांव टाइम्स)**। संकुल केंद्र मोहड़ के शास.पूर्व मा.शाला मोहड़ के प्रभारी प्रधान पाठिका मिनाक्षी यादव एवं शास.पूर्व मा.शाला रंगकाठेरा के प्रधान पाठक जय कुमार गजभीये का शिक्षा विभाग से सेवा निवृत्ति होने पर शाला परिवार,ग्राम वासियों एवं शाला संकुल परिवार मोहड़ डोंगरगांव के द्वारा भावभीनी बिदाई दी गई। शास.पूर्व मा.शाला मोहड़ शाला परिसर में आयोजित शिक्षक बिदाई समारोह के मुख्य अतिथि सेवा निवृतिमान मिनाक्षी यादव प्रभारी प्रधान पाठिका के साथ कार्य क्रम की अध्यक्ष ता आशा देवांगन सरपंच मोहड़ ने किया। विशेष अतिथियों में मुकुंद राम देवांगन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, मीना बाई देवांगन संरक्षिका शाला प्रबंधन समिति, जय कुमार गजभीये संकुल प्रभारी मोहड़,रंजीत बंजारे ग्राम प्रमुख आदि उपस्थित थे। मिनाक्षी यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा जीवन की आधार शिला है जो कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है,जीवन भर ग्रहण करते रहना चाहिए। बच्चों से एक अच्छा नागरिक बनने की अपेक्षा किया। शाला परिवार में लोकेश यदु,मंजू शर्मा, वंदिता श्रीवास्तव,मंजुला गड़पाइले प्र.पा. प्रा. शाला सहित



हायर सेकंडेरी स्कूल के शाला परिवार की भी उपस्थिति रही। इसी प्रकार संकुल के शास.पूर्व मा.शाला रंगकाठेरा के प्रधान पाठक एवं संकुल प्रभारी जय कुमार गजभीये को भी शाला परिवार,ग्राम वासियों,शाला प्रबंधन समिति व संकुल परिवार द्वारा सेवा निवृत्ति पर भावभीनी बिदाई दी गई। जय कुमार गजभीये के मुख्य आतिथ्य में जागृति यदु ने कार्य क्रम की अध्यक्ष ता निभाई। विशेष अतिथियों में तिकेश्वर साहू जनपद अध्यक्ष डोंगरगांव मिनाक्षी यादव, के.आर.यादव, एम.के.अत्री, मयंक यदु सरपंच माथलडब्री, विवेकानंद यदु उप सरपंच, सुरेश यदु, रामचंद्र ठाकुर प्रबंधन समिति,साधु राम साहू आदि ने अपनी उपस्थिति दिये। सेवा निवृत्ति जय कुमार गजभीये ने अपने आप को धन्य मानते हुए कहा कि मैं बहुत ही सौभाग्य शाली हूँ मैंने अपना शासकीय कार्य काल पूर्ण करते हुए मैं यहाँ से सेवा निवृत् हो रहा हूँ आप सबका प्यार और दुलार इसी प्रकार बने रहे। शाला परिवार में दीपिका साहू प्रभारी प्रधान पाठिका,मोनिका ठाकुर, उमा निर्मल,सत्यभामा पटेल प्र.पा. प्रा.शाला सहित संकुल के भी शाला परिवार उपस्थित थे। कार्य क्रम का सफल संचालन शिक्षक दयानंद निषाद ने किया।

## स्वच्छ शौचालय अभियान 2.0 एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)**। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वच्छ शौचालय अभियान 2.0 तथा सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधिया आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुये है। निर्देश के अनुक्रम में नागरिकों को स्वच्छता से जोडने व स्वच्छता अपनाने जागरूक करने आज शीतला माता मंदिर परिसर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मॉ शीतला माता मंदिर परिसर तथा रानी सागर व बुढा सागर के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई किये। सफाई के अंतर्गत साफसफाई कर, कटीली झाडिया काटकर, झिल्ली पन्नी उठाया गया। स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन नगर निगम परिसर से स्वच्छता रैली निकाली गयी, रैली में स्वच्छता दीदीयॉ एवं स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली, रैली को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, पार्षद श्री टोपेन्द्र सिह पारस वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता व श्री राजेश जैन रानू, ठा.प्यारेलाल स्कूल के प्राचार्य श्री भूषण साव की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गो मे भ्रमण कर स्वच्छता से जुडने व स्वच्छता अपनाने का संदेश जन जन को दिये। रैली के पूर्व महापौर श्रीमती देशमुख ने निगम पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों व विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाई कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। मै न गंदगी करूंगा न किसी को करने दुगा। सबसे पहले मै स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे शहर से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरूआत करेंगे।



## पारगाँव खुर्द में 14 दिसम्बर को मंडई -मेला का आयोजन

**डोंगरगढ़/डुंडेरा (नादगांव टाइम्स)**। ग्राम पारागाँव खुर्द में 14 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार को मेला- मंडई का आयोजन समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से रखा गया है. इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए गरियाबंद वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सरोवर बारूका के कलाकारों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी. यह जानकारी देते हुए ग्राम पटेल अजय मानिकपुरी एवं जनपद सदस्य लक्ष्मीनारायण वर्मा ने क्षेत्र के आसपास ग्राम के ग्रामीणजनो सहित लोगों से मंडई मेला में शामिल होने की अपील की गई है।

## पुराना मकान तोड़ने के दौरान युवक के सिर पर गिरा छज्जा, मौत

**डोंगरगांव (नादगांव टाइम्स)**। 7 पुराने मकान को तोड़ने में लगे युवक के सिर पर छज्जा गिर गया। हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोटे आई थी, जिसने हास्पिटल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे की है। जानकारी मुताबिक चौकी रोड में रहने वाले इकराम तवर अपने पुराने को ढहा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने ठेकेदार को काम दिया है। सोमवार को ठेकेदार के मजदूर मकान के तोड़ाई में लगे थे। 20 वर्षीय पंकज साहू भी मकान तोड़ने के काम में मजदूरी कर रहा था। कुछ देर के लिए वह नीचे आकर पानी पीकर आराम करने लगा। तभी अचानक छज्जे का बड़ा हिस्सा पंकज के सिर में गिर गया। पंकज बुरी तरह लहूलुहान हो गया। जिसे तत्काल डोंगरगांव हास्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टर ने पंकज को मृत घोषित कर दिया।



## भोज साहू रेडियोग्राफर ने 10 साल के शासकीय सेवाकाल पूर्ण करने पर 10 पौधारोपण व 10 लोगों को रक्तदान करवाया

**डोंगरगांव (नादगांव टाइम्स)**। राष्ट्रीय मानवाधिकार व शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस को नमन करते हुए भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर ने अपने सेवाकाल का 10 वर्ष पूर्ण किया इस अस्पताल परिसर में 10 फलदार पौधा आम और कटहल का पौधारोपण के साथ स्वयं रक्तदान करके अपने 09 मित्रों को रक्तदान करवाया। भोज साहू पर्यावरण ने बताया कि इस तरह पहल करने का मुख्य उद्देश्य अपने प्रत्येक खुशी के मौके पर हमें पौधारोपण करके पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं साथ ही रक्तदान करके जरूरत मंदों को रक्त दे कर जीवन बचा सकते हैं साथ इस पहल में भोज साहू 16 रक्तदान किया उनके साथ फार्मासिस्ट एकलव्य गजेन्द्र, अंकिता जैन, अजय जैन, ललित साहू,आशीष हुमने मनीष भूषण,मनोज परमार, फनेन्द्र जैन (126 रक्तदान) हर्ष जैन 26 वा रक्तदान, भव्या जैन 5 वा रक्तदान सहित 10 लोग ने रक्तदान किया।



**// न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव //**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उषा श्रीवास्तव ध.प. कुलेश कुमार, निवासी-बल्देव बाग, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मोहारा, प.ह.नं. 46, तहसील व जिला राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 8/1, रकबा 0.2740हे. भूमि के ऑनलाईन अभिलेख मे दर्ज व्यपवर्तित भूमि को सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 20/12/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 06/12/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनाँक :- 06/12/2024**
**पेशी दिनाँक :- 20/12/2024**

सील | तहसीलदार राजनांदगाँव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र./ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 02/12/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. महावीर एसोसिएट्स पार्टनर श्री विनोद बोहरा, विकास बोहरा, राहुल बोहरा व रोशन बोहरा सभी के पिता श्री जेठमल बोहरा, निवासी सनसिटी कंचन बाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, राजनांदगांव के ज्ञापन क्र0/1696/धारा-29/सीजीआवास/2024/00107/नग्रानि/2024 राजनांदगांव दिनांक 14/10/2024 के द्वारा जारी विकास अनुज्ञा में उल्लेखित एवं निज स्वामित्व की भूमि ग्राम लखोली, पटवारी हल्का नंबर 42, खसरा नंबर 52/2 रकबा 0.2737 हेक्टेयर में से 0.0741 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 16/12/2024 को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/12/2024-को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र./प्रवा0-3/अ0वि0अ0/2024
राजनांदगांव, दिनांक 02/12/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. वर्धमान रियल्टी, पार्टनर फूलचंद जैन पिता श्री आईदान जैन, निवासी रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/1695/धारा-29/ सीजीआवास/2024/00107/नग्रानि/2024 राजनांदगांव दिनांक 14/10/2024 के द्वारा जारी विकास अनुज्ञा में उल्लेखित एवं निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 359 रकबा 0.3480 हेक्टेयर में से 0.1167 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा / आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 16/12/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

# मुख्यमंत्री की पहल पर प्रेस क्लब राजनांदगांव की आवासीय कॉलोनी के लिए 2 करोड़ की राशि की मिली स्वीकृति



**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)**। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रेस क्लब राजनांदगांव की आवासीय कॉलोनी के लिए 2 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त राशि से सड़क, नाली, बाऊंड्रीवाल एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड राजनांदगांव अंतर्गत 142 प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों को 1980 वर्ग फीट भूमि बसंतपुर पनेका में प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 2 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त होने के बाद आवासीय कालोनी एक विकसित सर्व सुविधायुक्त कालोनी के रूप में आकार ले रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विधायक निधि से प्राप्त 8 लाख रूपए की राशि से आवासीय कॉलोनी में गार्डन का कार्य पूर्ण हो गया है। वहीं वन विभाग द्वारा पौधरोपण किया गया है। 4 करोड़ के प्रोजेक्ट में 54 विद्युत पोल व 9 ट्रान्सफार्मर लगे हैं।प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि एवं प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री मिथलेश देवांगन ने बताया कि स्वीकृत 2 करोड़ रूपए की राशि से 10 एकड़ में बाऊण्ड्रीवाल बन रही है। गौरतलब है कि आवासीय कॉलोनी सर्वसुविधायुक्त बन रही है, जहां स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, व्यावसायिक परिसर, मंदिर, पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाईन की व्यवस्था की गई है।

**शुभांक**

**2-3-7**

**224-8 347-4**

**भाग्यांक**

**249-5 570-2**

## मध्यस्थता सेल द्वारा प्रकरण निष्पादित

**राजनांदगाँव (नादगांव टाइम्स)**। जिला उपभोक्ता आयोग राजनांदगाँव में लंबित निष्पादन प्रकरण कमांक-24/94 भागवत साहू विरूद्ध नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एवं 24/60 देवदास साहू विरूद्ध नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में पूर्व जिला आयोग के आदेश दिनांक-18.01.2024 के परिपालन में प्रकरण मध्यस्थता सेल उपभोक्ता आयोग के श्री राजेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती गौरी शर्मा को प्रकरण सौंपा गया। मध्यस्थता सेल के प्रयास से उक्त दोनों प्रकरणों में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा परिवादी को कमशः राशि 2,87,002/- रूपये तथा राशि 5,79049/- रूपये का चेक दोनों पक्षों के आपसी सहमति एवं मध्यस्थता सेल के सहयोग से जिला आयोग राजनांदगाँव में आज दिनांक-10.12.2024 को जमा किया गया। जिला आयोग, राजनांदगाँव के अध्यक्ष माननीय श्री प्रशान्त कुन्डू एवं सदस्य श्री आनंद वर्गीस द्वारा जानकारी दी गयी कि मध्यस्थता सेल के सहयोग से निपटाये गये उक्त प्रकरण छत्तीसगढ में प्रथम प्रकरण के रूप में दर्ज किया गया है। प्रकरणों में अधिवक्तागण श्री गजेन्द्र बख्शी एवं श्री वैभव शुक्ला वा श्री धर्मेन्द्र जैन, श्री मोहनीश कुमार डोटे को भी धन्यवाद प्रेषित किया गया। जिन्होंने मध्यस्थता सेल के द्वारा किये गये निर्णय का परिपालन किया। जिला आयोग राजनांदगाँव में अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन में लंबित प्रकरणों का निपटारा शिघ्रता से संपन्न किया जा रहा है। आशा की जाती है कि मध्यस्थता सेल के सहयोग से लंबित प्रकरणों में भी शीघ्र सामाधान किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। उक्त जानकारी आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा दी गयीं।



## ज्ञान मंथन

*1) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?*
*2) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?*
*3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?*
*4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?*
*5) किसने भारत की पहली मौखिक गर्भनिरोधक गोली सहेली की खोज की थी?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) दीव (2) विश्वनाथ प्रताप सिंह (3) ऑप्टिकल-8 (4) जौहान कैरोलस (5) डॉ. नित्या आनंद

# भाजपा ही किसानों की असली पक्षधर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन विधवा विलाप है

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )**। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सोसाइटी एवं धान खरीदी के संबंध में कांग्रेस के प्रदर्शन और दिए गए ज्ञापन को कांग्रेस का विधवा विलाप निरूपित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो कांग्रेसी 5 वर्षों तक कभी भी सोसाइटी नहीं गए और किसानो की वास्तविक स्थिति को समझ नहीं सके वह आज भाजपा की सरकार को ज्ञान दे रहे हैं जबकि भाजपा किसानों के हितों को ध्यान रखकर ही योजना बनाती है! श्री राजपूत ने कहा कि जो कांग्रेसी अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर जबरदस्ती किसानों को थोपा करते थे, खाद बीज और बार दाने के लिए किसानों को भटकते थे और जो किसानो खाद न ले उसके नाम से खाते से पैसे कट जाया करते थे, इतनी तानाशाही प्रवृत्ति भूपेश बघेल सरकार में 5 वर्षों तक रही। तब इस शहर के कांग्रेसियों के कानों में जू नहीं रेंगी ! वर्मी कंपोस्ट खाद का संपूर्ण पैसा राजीव युवा मितान क्लब के खाते में स्थानांतरित किया गया जिसका आज तक कोई हिसाब किताब नहीं दिया गया ,कथित किसान हितैषी कांग्रेसियों ने मिल बाटकर खा लिया अब ऐसे लोग भाजपा की सरकार में सुशासन के दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक कांटे की भी फ्जीहत कर रहे हैं ! विष्णु देव साय सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कांटे के माध्यम से पारदर्शिता का पालन करते हुए धान खरीदी की व्यवस्था दी है ताकि किसानों के दाना दाना धान का पैसा सरकार उन्हें दे सके. परंतु द्द1द्ब की तरह कांग्रेसी इस पर भी शक कर रहे हैं . श्री राजपूत ने कहा कि विगत 5 वर्षों में बारदान के लिए किसानों को भटकना पड़ता था और ?60 में प्रति बारदाना बजार से खरीदने मजबूर किया गया परंतु आज भाजपा की सरकार में बारदाने की पूरी व्यवस्था है .किसानों को भटकना नहीं पड़ रहा है . किसानो को कोई भी कष्ट भाजपा की सरकार में नहीं होगा परंतु कांग्रेस ही इसे पचा नहीं पा रहे हैं और विधवा विलाप करके जबरदस्ती किसानों को भड़का रहे हैं।



## निधन

**शरद राव मानके**

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )**। स्थानीय दिग्विजय कॉलेज के पास, शीतला मंदिर रोड निवासी शरद राव मानके (उम्र लगभग 83 वर्ष) का निधन आज 10 दिसंबर 2024, दिन-मंगलवार को हो गया है, उनका अंतिम संस्कार आज 11 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी तारा मानके, शिरीष मानके और भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। जिनके दशगात्र का कार्यक्रम आगामी दिनांक 20.12.2024, दिन-शुक्रवार एवं तेरहवीं और शांतिभोज का 23.12.2024, समय-दोपहर 1 बजे को निज निवास दिग्विजय कॉलेज के पास, शीतला मंदिर रोड, प्राइड एकेडमी कम्प्यूटर सेंटर राजनांदगांव में रखा गया है।

# भगवान की श्वांस और भक्तों का विश्वास है गीता - अरविन्द तिवारी

**आज गीता जयंती विशेष**



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )** - गीता जयंती प्रत?येक वर्ष मार्गशीर्ष मास के शुक?लपक्ष की एकादशी यानि आज के ही दिन मनायी जाती है , इसे मोक्षदा एकादशी भी कहते हैं। दुनियाँ के किसी भी धर्म-संप्रदाय के ग्रंथों का जयंती नहीं मनाया जाता सिर्फगीता जयंती ही मनायी जाती है। क्योंकि अन्य ग्रंथ इंसानों के द्वारा लिखे या संकलित किये गये हैं जबकि गीता का जन्म स्वयं भगवान के श्रीमुख से हुआ है। गीता का दूसरा नाम गीतोपनिषद है। भगवद्गीता में कई विद्यायें बतायी गयी हैं। इनमें चार प्रमुख हैं- अभय विद्या , साम्य विद्या , ईश्वर विद्या और ब्रह्म विद्या। अभय विद्या मृत्यु के भय को दूर करती है। साम्य विद्या राग-द्वेष से मुक्ति दिलाती है। ईश्वर विद्या से व्यक्ति अहंकार से बचता है। ब्रह्म विद्या से अंतरात्मा में ब्रह्मा भाव को जागता है। गीता एक सार्वभौम ग्रंथ है। यह किसी काल , धर्म , संप्रदाय या जाति विशेष के लिये नहीं अपितु संपूर्ण मानव जाति के लिये हैं। इसे स्वयं श्रीभगवान ने अर्जुन को निमित्त बनाकर कहा है इसलिये इस ग्रंथ में कहीं भी श्रीकृष्ण उवाच शब्द नहीं आया है बल्कि श्रीभगवानुवाच का प्रयोग किया गया है। गीता का संदेश युगों पहले भी प्रासंगिक था , आज भी है और निरंतर भविष्य में भी प्रासंगिक बना रहेगा। गीता के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि गीता सर्वशास्त्रमयी , परम रहस्यमयी ग्रंथ के साथ साथ योग , ज्ञान , भक्ति की त्रिवेणी है। यह मनुष्य को जीवन के गहन सत्य से ज्ञान कराते हुये जीवन जीने का श्रेष्ठ मार्ग दिखलाती है। निराशा से, हताशा से और शंकाओं के अंधियारों से भरे मन को ज्ञान सूर्य से प्रकाशित करती है , इसका सान्निध्य मानव जीवन को नये समाधान प्रस्तुत करता है। हर धर्म का एक ग्रंथ होता है उसी तरह से हिंदू सनातन धर्म में गीता को पवित्र धर्मग्रंथ का स्थान दिया गया है। गीता भगवान कृष्ण के द्वारा महाभारत के युद्ध के समय किसी धर्म विशेष के लिये नहीं अपितु मनुष्य मात्र के लिये दिया गया उपदेश है जो हमें धैर्य , दुःख , लोभ , अज्ञानता से बाहर निकलने के लिये प्रेरित करता है। गीता त्रियोग रजोगुण संपन्न ब्रह्मा से भक्ति योग, सतोगुण संपन्न विष्णु से कर्म योग और तमोगुण संपन्न शंकर से ज्ञान योग का ऐसा प्रकाश है, जिसकी आभा हर एक जीवात्मा को प्रकाशमान करती है। यह वेदों और उपनिषदों का सार, इहलोक और परलोक दोनों में मंगलमय मार्ग दिखाने वाला, कर्म ङ्क ज्ञान और भक्ति- तीनों मार्गों द्वारा मनुष्य के परम श्रेय के साधन उपदेश करने वाला अद्भुत ग्रंथ है। गीता धार्मिक ग्रंथ के साथ साथ दर्शनशास्त्र का भी बेहतरीन उदाहरण है। इसमें जीवन में आने वाली हर समस्या का हल दिया गया है यानि गीता का पाठ समस्त समस्याओं का समाधान भी कर देता है। गीता हम सभी को सही तरीके से जीवन जीने की कला सिखाती है। धर्म के विभिन्न मार्गों का समन्वय और निष्काम कर्म - ये गीता की दो प्रमुख विशेषतायें हैं। कई अर्थों में गीता भारत और भारतीयता का जीवंत प्रकाश स्तम्भ है जिसमें भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों सन्निहित हैं। गीता हमारे मंगलमय जीवन का पवित्र ग्रंथ और ज्ञान का अद्भुत भंडार है। गीता भगवान की श्वाँस और भक्तों का विश्वास है। यह केवल ग्रंथ नहीं बल्कि कलियुग के पापों का क्षय करने का अद्भुत और अनुपम माध्यम है। गीता भक्तों के प्रति भगवान द्वारा प्रेम में गाया हुआ गीत है। गीता एक ओर जहाँ मरना सिखाती है वहीं दूसरी ओर जीवन को धन्य भी बनाती है। जीवन उत्थान के लिये हर व्यक्ति को इसका स्वाध्याय करना ही चाहिये। गीता एक दिव्य ग्रंथ है जो हमें पलायन से पुरुषार्थ की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। भगवद् ?गीता के पठन-पाठन श्रवण एवं मनन-चिंतन से जीवन में श्रेष्ठता के भाव आते हैं। गीता केवल लाल कपड़े में बाँधकर घर में रखने के लिये नहीं बल्कि उसे पढ़कर संदेशों को आत्मसात करने के लिये है। गीता का चिंतन अज्ञानता के आचरण को हटाकर आत्मज्ञान की ओर प्रवृत्त करता है। आज हम सब हर काम में तुरंत नतीजा चाहते हैं लेकिन भगवान ने कहा है कि धैर्य के बिना अज्ञान , दुख , मोह , क्रोध , काम और लोभ से निवृत्ति नहीं मिलेगी।महाभारत ग्रंथ में गीता के कुल 18 अध्याय है। इसमें कुल 700 श्लोक हैं जिसमें 574 भगवान उवाच , 84 कृष्ण उवाच , 41 संजय उवाच और एक धृतराष्ट्र उवाच है। इनमें से 06 अध्याय में कर्मयोग , 06 अध्याय में ज्ञानयोग और अंतिम 06 अध्यायों में भक्तियोग के उपदेश दिये गये हैं। श्रीमद्भागवत गीता में 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं। गीता में वर्णित हर श्लोक में जीवन जीने की अद्भुत कला के साथ साथ हर परिस्थिति से धैर्यपूर्वक निपटने की कला भी बतायी गयी है। इसके हर अध्याय में अलग अलग संख्या में श्लोक है और हर अध्याय का उद्देश्य भी अलग है , मुख्य रूप से भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन के मोह में फंसे मतिभ्रम को दूर कर उसे कर्तव्य मार्ग पर युद्ध करने के लिये प्रेरित करते है। गीता का सार यही है कि हमें हर हाल में अपने धर्म के अनुसार फ्ल की इच्छा किये बिना कर्म करना चाहिये। सभी कर्तव्यों को ईमानदारी से पूरा करने पर ही हमारा जीवन सफ्ल होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुये कहा कि जो कुछ हो रहा है वह सब नियंता के द्वारा ही हो रहा होता है। इसलिये नियंता को कभी भी अस् ?वीकार नहीं करना चाहिये। योगेश ?वर श्रीकृ ष ?ण गीता में अर्जुन को बताते हैं कि वे ही ब्रह्मा बनकर सृष्टि का निर्माण करते हैं और रूद्र बनकर सृष्टि का संहार करते हैं। वे कहते हैं कि यह सृष्टि यूँ ही बनाते और बिगाड़ते रहेंगे ताकि आत ?माओं को मौका मिल सके। वह इस जन ?म और मृत ?यु से पार पाकर मोक्ष पाकर ईश ?वर के साथ रह सकें। उन ?होंने बताया कि आत ?मा को परमात ?मा के साथ हमेशा रहने के लिये इस जीवनरूपी परीक्षा को देना ही होगा।भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को छंद रूप में अर्थात गाकर उपदेश दिया इसलिये इसे गीता कहते हैं। चूकि उपदेश देने वाले स्वयं भगवान थे अत: इस ग्रंथ का नाम भगवद्गीता पड़ा। भगवद्गीता में कई विद्याओं का वर्णन है जिनमें चार प्रमुख हैं- अभय विद्या, साम्य विद्या, ईश्वर विद्या और ब्रह्म विद्या। माना गया है कि अभय विद्या मृत्यु के भय को दूर करता है , साम्य विद्या राग-द्वेष से छुटकारा दिलाकर जीव में समत्व भाव पैदा करती है। ईश्वर विद्या के प्रभाव से साधक अहंकार और गुदा के विकार से बचता है जबकि ब्रह्म विद्या से अंतरात्मा में ब्रह्मा भाव को जागता है। गीता माहात्म्य पर श्रीकृष्ण ने पद्म पुराण में कहा है कि अभिग्रह (जन्म-मरण) से मुक्ति के लिये गीता अकेले ही पर्याप्त ग्रंथ है। गीता का उद्देश्य ईश्वर का ज्ञान होना माना गया है।

**गीता सार पर पर चिंतन**- क्यों व्यर्थ चिंता करते हो ? किससे व्यर्थ डरते हो ? कौन तुम्हें मार सकता है ? आत्मा ना पैदा होती है, न मरती है। जो हुआ अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह अच्छा हो रहा है और जो होगा वह भी अच्छा ही होगा। तुम्हारा क्या गया जो तुम रोते हो ? तुम क्या लाये थे ? जो तुमने खो दिया। जो लिया यहीं से लिया , जो दिया, यहीं पर दिया। जो आज तुम्हारा है, कल और किसी का था, परसों किसी और का होगा। परिवर्तन संसार का नियम है। जिसे तुम मृत्यु समझते हो, वही तो जीवन है। न यह शरीर तुम्हारा है, न तुम शरीर के। यह अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश से बना है और इसी में मिल जायेगा।मेरा-तेरा, छोटा-बड़ा, अपना-पराया , मन से मिटा , फ्रि सब तुम्हारा है , तुम सबके हो। तुम अपने आपको भगवान को अर्पित करो। यही सबसे उत्तम सहारा है।

# किसानों की उन्नति एवं न्याय के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे: दीपक बैज

**अंबागढ़ चौकी ( नादगांव टाइम्स )**। धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज जिला मुख्यालय मोहला में 1 दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। पीसीसी चीफ़ दीपक बैज जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कांग्रेस लगातार मजबूत है हमने पिछले दो विधानसभा एवं लोकसभा में कांग्रेस को सबसे बड़ी बहुमत दिलाई है। क्षेत्र में 27 उपार्जन केंद्र है भाजपा शासन के शासनकाल में किसान ठगा महसूस कर रहे है। किसानों के हित के लिए हमारी पार्टी लगातार संघर्ष करेगी।

**प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा सरकार के एक एक गलत नीतियों को बताया**

धरना प्रदर्शन में दीपक बैज ने प्रदेश सरकार को घेरा एवं कहा कि सरकार खरीदी केंद्रों में किसानों के साथ हो रहे परेशानियों को दूर करे साथ ही किसानों के उपज का पूरा धान सरकार खरीदी करे। किसानों को एकमुश्त 3217 रुपए देने के लिए भी दबाव बनाया। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि तीन दिसंबर को धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत निरीक्षण करने पश्चात जानकारी मिला कि सरकार के गलत नीति निर्णयों के कारण किसानों को बहुत ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच साल में किसानों के उपज का पूरा दाम दिया साथ ही किसानों के माली हालत को सुधारा था। छ ग के किसान कर्ज के बोझ में दबे हुए थे जिसे कांग्रेस ने कर्जमुक्त किया जिससे किसान साथी बेफिक्र होकर कृषि कार्य किए एवं कृषि उपज को ऊंचे दाम पर बेचे भी है ये सब कांग्रेस में संभव हुआ है। जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार आई और किसानों के बुरे दिन शुरू हो गए है किसानों को 50 प्रतिशत बरदाने स्वयं मंगाया जा रहा है जबकि व्यापारियों के पास हजारों गठान बरदाना है। किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। किसानों से 2 किलो से अधिक अतिरिक्त धान लिया जा रहा हैं। सरकार के गलत नीति से मिलर धान का उठाव नहीं कर रहे है



जिससे केंद्रों में जगह नहीं है और इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। भाजपा ने किसानों से 3100 में धान खरीदने का वादा किया था परंतु खाते में केवल समर्थन मुख्य की राशि 2300 रुपए ही डाला जा रहा है। शासन ने पिछले वर्ष का सुखत का राशि सोसायटी को अभी तक नहीं दिया है तथा सोसायटी का धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि उसे सीधे मिलरो को देना चाहिए इस बीच सरकार परिवहन के नाम से घपला कर रही है। भाजपा की सरकार किसी भी शर्त में किसान हितैषी नहीं हो सकती है भाजपा केवल झूठे वादे कर ही किसानों को अपने झांसे में ले सकती है।

**भाजपा शासन काल में किसान आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान**

क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने धरना प्रदर्शन में किसान एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को धान खरीदना ही नहीं चाह रही है। भाजपा की सरकार में किसानों के साथ केवल अन्याय हो रहा है। धान खरीदी के तय समय सीमा में 47 दिन केवल शासकीय छुट्टी की हो रही है जिसमें किसानों से धान ही नहीं लिया जाएगा बावजूद शासन-प्रशासन के बदइंतजामी के कारण समिति प्रबंधकों ने धान के उठाव नहीं होने के कारण एक दिन धान खरीदी बंद कर दिया था जिससे किसानों को नुकसान हो गया। धान खरीदी के बाद परिवहन नहीं होने के चलते किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा शासनकाल में किसान केवल अच्छे दिन का इंतजार करते रह गए है। किसान आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। केंद्रों में ऑफ्लाइन टोकन नहीं दिया जा रहा है जिससे किसान अन्यत्र भटक रहे है। ऐसी अनगिनत समस्याएं धान खरीदी केंद्रों में देखा जा रहा है। व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को बारदाना नहीं दिया जा रहा है व्यापारियों के पास लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

**विभिन्न मांगी को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**


धरना प्रदर्शन के तत्पश्चात प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉक्टर हेमेंद्र भूआर्य को ज्ञापन सौंपकर शासन को समस्याओं से अवगत कराया गया।

**ब्लॉक मुख्यालय में भी किया गया धरना प्रदर्शन**

जिले के मानपुर एवं अंबागढ़ चौकी ब्लॉक मुख्यालय में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया जहां ब्लॉक स्तर के कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा तथा किसान हित में फैसला लेने कहा। चौकी में बालक अध्यक्ष मनीष बनसोड तथा मानपुर में लच्छू साबले के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महामंत्री पीसीसी शाहिद खान, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, आफ्ताब आलम, महामंत्री संजय जैन, सईदा खान, बालचंद कोरेटी, मीना मांझी, सुरजीत ठाकर, देवानंद कौशिक, लगनू राम चंद्रवंशी, कुमारी बाई जुरेशिया, बृजबती मरकाम धुर्वे, अनीता कोर्राम, गमीता लोनहारे, कन्हैया राजपूत, भूषण तिवारी, अवध चुरेंद्र, दिनेश शाह मंडावी, नोहरू कुमेटी, कविता राणा, मिर्जा नूर बेग, मनीष निर्मल, अब्दुल खलीक, कपिल कोमरे, अजय राजपूत, नरोत्तम देहारी, सुभद्रा नेताम, सुजान पूरामें, हरि शंकर मिश्रा, दिनेश साहू, राजेंद्र चक्रधारी, इंद्राशन पिस्दा, दीपिका राजपूत, चाणक्य मेरिया, कुमार कोरेटी, जवाहर बोगा, पन्ना मेश्राम, राजकुमार ध्रुव, सरस्वती ठाकुर, उत्तरा निषाद सहित सीनियर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव का जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा निरीक्षण

**डोंगरगांव ( नादगांव टाइम्स )**। पी एम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव का



प्रवास सिंह बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा निरीक्षण किया गया । निरीक्षण उपरांत विभिन्न कक्षाओं के ब बन बीच्चों को कैरियर संभावनाओं से अवगत कराया गया । बच्चो को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयार कर अच्छे करियर में जाने हेतु प्रेरित किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं की मीटिंग ले कर उनको बोर्ड परीक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। समय पर सिलेबस पूरा करना, प्रश्न बैंक से तैयारी करवाना और बच्चो को विभिन्न परीक्षाओं जैसे - नवोदय प्रवेश परीक्षा, सैनिक स्कूल एग्जाम, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एवं स्कॉलरशिप हेतु ह्रूरूस् के प्रति जानकारी देने एवं भाग लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए । मीटिंग में प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल एवं हॉयर सेकेंडरी के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे । उक्त निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी के साथ जयंत साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव भी उपस्थित थे ।

## धर्म समाचार....

# अगले साल शनिदेव करेंगे राशि परिवर्तन, इन राशियों को रहना होगा सावधान!




ज्योतिषियों की मानें तो साल 2025 के मार्च महीने से मकर राशि के जातकों को शनि की साढ़ेसाती से मुक्ति मिलेगी। वहीं कुंभ राशि के जातकों पर साढ़े साती का अंतिम चरण शुरू होगा। जबकि मीन राशि के जातकों पर साढ़े साती का दूसरा चरण प्रारंभ होगा। शनिदेव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को लाभ भी होगा।

ज्योतिष शास्त्र में शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है। शनिदेव कर्मफ्ल दाता भी हैं। अच्छे कर्म करने वाले जातकों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। उनकी कृपा से साधक को सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं, बुरे कर्म करने वाले जातकों को शनिदेव दंड देते हैं। वर्तमान समय में शनिदेव कुंभ राशि में विराजमान हैं। अगले साल शनिदेव राशि परिवर्तन (स्द्धड्डह्लह्व त्रशष्द्गड्डह्म् 2025) करेंगे। शनिदेव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा। वहीं, कई राशि के जातकों को अपने जीवन में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। आइए, इन राशियों के बारे में जानते हैं- न्याय के देवता शनिदेव अगले साल 29 मार्च को देर रात 11 बजकर 01 मिनट पर कुंभ राशि से निकलकर धनु राशि में गोचर करेंगे। इस दिन से मकर राशि के जातकों को साढ़े साती से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं, कर्क और वृश्चिक राशि के जातकों को शनि की ढैय्या से मुक्ति मिल जाएगी।

**मेष राशि**- शनिदेव के राशि परिवर्तन करने से मेष राशि के जातकों पर साढ़े साती शुरू होगी। इस राशि में सूर्य देव उच्च के होते हैं। वहीं, सूर्य देव और शनिदेव के मध्य शत्रुवत संबंध है। इसके लिए मेष राशि के जातकों को बेहद सावधान रहना पड़ेगा। साढ़े साती के प्रथम चरण में शुभ कार्यों में बाधा आ सकती है। बने काम में रुकावट आ सकती है। सोचे हुए कार्य पूर्ण होने में देर हो सकती है। आने वाले समय में विषम परिस्थिति से गुजरना पड़ सकता है। बड़े की सलाह लेकर कार्य करें। हर मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें।

**सिंह राशि**- शनिदेव के मीन राशि में गोचर करने के दौरान सिंह राशि के जातकों पर शनि की ढैय्या शुरू होगी। इस राशि के स्वामी आत्मा के कारक और शनिदेव के पिता सूर्य देव हैं। हालांकि, सूर्य देव और शनिदेव के मध्य संबंध मधुर नहीं है। इसके लिए सिंह राशि के जातकों को सावधान रहने की आवश्यकता है। कई अवसर पर जल्दबाजी में फैसले लेने पर नुकसान हो सकता है। इसके लिए वाणी और गुस्से पर कंट्रोल रखें। नए काम को शुरू करने से पहले घर के बड़े सदस्यों की अवश्य सलाह लें। रोजाना सूर्य देव को जल का अर्घ्य दें। वहीं, जल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से अवश्य ही लाभ मिलेगा।

**धनु राशि**- शनिदेव के मीन राशि में गोचर करने के साथ ही धनु राशि के जातकों पर भी शनि की ढैय्या शुरू होगी। इस राशि के स्वामी देवगुरु बृहस्पति हैं और आराध्य भगवान विष्णु हैं। ज्योतिषियों की मानें तो शनि की ढैय्या के दौरान जातक को कर्म के अनुसार फ्ल प्राप्त होता है। इसके लिए शनिदेव के मीन राशि में गोचर के दौरान सावधान रहकर काम करने की जरूरत है। साथ ही रोजाना भगवान कृष्ण की पूजा करें। शनिदेव के आराध्य भगवान कृष्ण हैं। अत: भगवान कृष्ण की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। सोच समझकर फैसले लें। घर के बड़े लोगों की सेवा और सम्मान करें।

## कब है बैकुंठ एकादशी? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग

धार्मिक मत है कि बैकुंठ एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को पृथ्वी लोक पर स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं मृत्यु उपरांत बैकुंठ धाम में स्थान मिलता है।



साधक बैकुंठ एकादशी पर श्रद्धा भाव से भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। सनातन धर्म में बैकुंठ एकादशी का विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर बैकुंठ के स्वामी भगवान जगदीश की और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही बैकुंठ एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को भगवान विष्णु के लोक में स्थान मिलता है। साथ ही जन्म-मृत्यु के चक्र से व्यक्ति मुक्त हो जाता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि बैकुंठ एकादशी तिथि पर बैकुंठ लोक का मुख्य द्वार (मुख्य दरवाजा) खुला रहता है। वैदिक गणना के अनुसार, यह पर्व सूर्य देव के धनु राशि में गोचर करने के दौरान मनाया जाता है। कई बार पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाया जाता है। साधक बैकुंठ एकादशी तिथि पर श्रद्धा भाव से भगवान श्रीहरि की पूजा करते हैं। आइए, बैकुंठ एकादशी की सही डेट शुभ मुहूर्त, पूजा विधि एवं महत्व जानते हैं- वैदिक पंचांग के अनुसार, पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 09 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 22 मिनट पर होगी। वहीं, समापन 10 जनवरी को सुबह 10 बजकर 19 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय के बाद से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 10 जनवरी को बैकुंठ एकादशी मनाई जाएगी। हालांकि, बैकुंठ एकादशी व्रत रखने से पहले स्थानीय पंचांग का अवश्य विचार कर लें। साधक चाहे तो अपने कुल पंडित से भी सलाह ले सकते हैं। बैकुंठ एकादशी पर शुभ एवं शुक्ल योग का संयोग बन रहा है। इन योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। साधक 10 जनवरी को बैकुंठ एकादशी का व्रत रखेंगे। इस दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करें। शाम में आरती कर फ्लाहार करें। साधक रात्रि में जागरण कर भगवान विष्णु की उपासना कर सकते हैं। इसके अगले दिन सामान्य दिनों की तरह पूजा-पाठ कर व्रत खोलें। इस समय ब्राह्मणों को दान अवश्य दें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# प्रदेश की उन्नति के लिए शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्य : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उप मुख्यमंत्री ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास






**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )**। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बडग़ांव-चारभांठा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 63 लाख 89 हजार रूपए के लोकार्पण एवं 60 लाख 25 हजार रूपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अहता निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, बाजार में व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, मिनी स्टेडियम के निर्माण, पंचग्राम तपोभूमि में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बडग़ांव चारभांठा में 3 लाख 15 हजार रूपए की लागत से ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट तथा 30 हजार रूपए की लागत के बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सैंट फिल्टर का शिलान्यास किया।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि गंदा पानी सरोवर में नहीं जाए तथा निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिले, इस सोच के साथ यहां ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत कार्य किया जाएगा। जिससे तालाब निस्तारी योग्य बनेंगे तथा भू-जल और पीने के पानी के जलाशयों के प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरोवर के किनारे निर्मित सियान सदन की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्थानों में भू-जल स्तर में गिरावट आयी है, वहां बोरवेल रिचार्ज साफ्ट के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम की जरूरतों को समझते हुए सुविधाओं के लिए ग्रामवासियों को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस की राशि प्रदान की गई है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह 1 तारीख को 1000 रूपए की राशि पहुंच जाती है। महतारी की चिंता में मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम पंचायतों में महिलाओं की सुविधा के लिए महतारी सदन का निर्माण भी किया जा रहा है। बहुत से जनहितैषी विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब एवं कोयला घोटाला तथा पीएससी में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार मेहनत करने वाली सरकार है और प्रदेश की उन्नति की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं।



पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्री दिनेश गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार के 13 दिसम्बर को पूरर्ण वर्ष पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि ग्राम बडग़ांव चारभाठा में विकास के सभी कार्य हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री डोंगरगांव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अमृत सरोवर के पास सियान सदन का अवलोकन किया है, जहां बुजुर्गों के बैठने की व्यवस्था की गई। वहीं भू-जल से संबंधित बोरवेल रिचार्ज साफ्ट का भी अवलोकन किया है। जिले में भू-जल स्तर में गिरावट आयी है, इसे सामान्य स्तर में लाने के लिए तथा वर्षा के जल को रिचार्ज करने के लिए जिले में व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मनरेगा के तहत प्रदेश भर में भू-जल संरक्षण के लिए इस तरह की संरचना का निर्माण किया जाएगा। बडग़ांव चारभाठा में आज उप मुख्यमंत्री के हाथों से कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर लखपति दीदी को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र तथा आवास की चाबी तथा स्वच्छता दीदी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट स्वच्छ शौचालयों के लिए हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सदस्य जिला पंचायत श्रीमती इन्दुमती साहू, सरपंच श्री वासुदेव भण्डारी, श्री रविन्द्र वैष्णव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, श्री निरेन्द्र साहू, श्री रामकुमार गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंच संचालन श्री गजेन्द्र हरिहारणों ने किया।

# अछोली सोसाइटी के गेट पर कांग्रेसियो ने किया धरना प्रदर्शन



**डोंगरगढ़ ( नादगांव टाइम्स )**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछोली स्थित सोसायटी में दिन के 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान चुनाव के समय भाजपा द्वारा किसानों के साथ किए गए वादों के अनुसार किसानों को सुविधा प्रदान करने की मांग की गई। कांग्रेसियो ने बताया कि बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे परंतु उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा।

सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेवर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है।पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया। प्रमुख मांगों में शामिल किसानों को समय पर टोकन, 3100 सौ रुपए एक मुश्त राशि का भुगतान, इसके अलावा छिपा सोसायटी में किसानों के ऊपर फर्जी लोन को क्लीयर कराने आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल श्रीमति मनीषा टुमेश नेताम सरपंच, सुरेश सिन्हा अध्यक्ष ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चुम्मन साहू, फिरंगीराम पटेल, दशरथ ठाकुर,भुनेश्वर साहू, बोधन साहू,पंचराम चंदेल, सामसाय डडसेना घनश्याम साहू ग्राम पटेल,दिनेतु जाँगडे सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता रूपेश वर्मा, गोकुल वर्मा, संतराम साहू,सदानंद पवार सहित संगठन के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे.



# कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में कृषि चौपाल कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )**। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि चौपाल कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों का कृषि विशेषज्ञों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। कृषि चौपाल कार्यक्रम का प्रथम भाग का प्रसारण शनिवार 7 दिसंबर 2024 को दोपहर 2 से 3 बजे तक किया गया। जिसमें विभिन्न फसलों की 109 में से 54 किस्मों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में किया गया एवं किसानों के साथ संवाद किया गया और विश्व मृदा दिवस के पर मृदा संरक्षण हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप मे आईसीएआर अटारी जबलपुर के बोर्ड मेम्बर श्री बिशेश्वर दास साहू ने विभिन्न फसलों के उत्पादन लाभ पर चर्चा की। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु सुकृत दास साहू ने रबी मौसम मे तिलहन फसलों की खेती पर जोर दिया। कृषि विभाग से उप संचालक श्री नागेश्वर लाल पाण्डये ने धान उत्पादन लाभ की बधाई देते हुए रबी मौसम मे धान के अलावा अन्य तिलहन व दलहन फसल लगाने हेतु प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने उद्यानिकी फसलों की प्रबंधन तकनीक की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. नूतन रामटेके ने पशुओं में टिकाकरण के महत्व को समझाया एवं श्रीमती अंजलि घृतलहरे ने प्राकृतिक खेती के घटकों जैसे नीमास्त्र, आग्नेयास्त्र एवं जीवामृत के उपयोग की सलाह दी, ताकि नुकसानदायक रसायनिक दवाओं का उपयोग कम किया जा सके। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में कृषण उपस्थित थे।



# अधर्म और अत्याचार बढ़ने पर आदिशक्ति कई रूपों में आकर धर्म की स्थापना करती हैं : आचार्य पं. युवराज पाण्डेय






**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )**। डुमरडीहकला में कथा के आठवें दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया गया। शनिवार को कथा स्थल के आसपास बुंदेलीकला, ठेलकाडीह, पदुमतरा, खैरा आदि क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से पंडाल को बढ़ाया गया, तब जाकर श्रद्धालुओं की भीड़ सम पाई है। पूरा कथा स्थान खचाखच भरा रहा। कथा स्थल के बाहर से भी लोग प्रोजेक्ट्स से कथा श्रवण किये। भागवत कथा की शुरुआत भागवत आरती और देवी जसगीत के साथ किया गया। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने अपने आठवें दिन की कथा में बताया कि महिषासुर एक राक्षस था, जिसका जन्म एक महिष (भैंस) से हुआ था, वह बहुत शक्तिशाली और दुर्जेय था। महिषासुर ने भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की। भगवान ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर महिषासुर को वरदान दिया कि वह किसी भी पुरुष द्वारा मारा नहीं जा सकता। महिषासुर ने वरदान प्राप्त करने के बाद देवताओं और मनुष्यों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। वह स्वर्गलोक पर भी आक्रमण कर दिया और देवताओं को हरा दिया। देवताओं ने भगवान विष्णु, भगवान शिव और भगवान ब्रह्मा से मदद मांगी। तीनों देवताओं ने अपनी शक्तियों को मिलाकर देवी दुर्गा को पैदा किया। देवी दुर्गा ने महिषासुर के साथ युद्ध किया और उसे



मार डाला। महिषासुर की मृत्यु के साथ ही देवताओं और मनुष्यों को शांति मिली। इसके पक्ष टी रक्त बिजवाड़ चंद मुंड की वह सभी राक्षसों का वध की कथा बताते हुए कहा कि देवी दुर्गा जगदंबा की विजय हुई। इसी के उपलक्ष में नवरात्र के महीने में देवी दुर्गा की विजय के उपलक्ष्य में नवरात्रि का उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव के दौरान देवी दुर्गा की पूजा की जाती है और उनकी विजय का जश्न मनाया जाता है, इनके साथ श्रीमद भागवत कथा का विराम दिया गया।तत्पश्चात गाजे-बाजे अतिशबाजी के साथ रथ में गांव भ्रमण कर चंडी यज्ञ का पूर्ण आहुति आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के साथ 11 वैदिक ब्राम्हण के साथ कराया गया। आज के कथा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति भाजपा जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी अश्वनी ठाकुर, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, धन्नु बाफ्ना, परदेशी साहू, राकेश साहू, डुमरडीह सरपंच जजमान दिनेश-सुनीता ठाकुर, घुमका सरपंच फूलमती साहू, मुरमुंदा सरपंच कल्पना साहू, बिरेझर सरपंच पार्वती साहू, सौरभ वैष्णव, मनोज वैष्णव, मालिखम कोसरे, पवन महोबिया सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किये।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com